# एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में छात्रों के 24 वें नव प्रवेशिक अनुस्थापन सत्र का आयोजन

प्रलयंकर संवाददाता

**मोदीनगर :** एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में छात्रों के 24 वें नव प्रवेशिक अनुस्थापन सत्र का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र का शुभारंभ कुलाधिपति व निर्वाचन क्षेत्र पेरंबलूर (तमिलनाडु) से सांसद डॉ. टी.आर.पारिवेंद्र, प्रति कुलाधिपति रवि पाचामुथु (प्रशासनिक )व प्रति कुलाधिपति डॉ.पी सत्यनारायण (शैक्षणिक ) के संबोधन से हुआ। इसके उपरांत छात्रों का स्वागत मानद विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ एस विश्वनाथन के द्वारा किया गया। जिसमें छात्रों के लिए आभासी भ्रमण का आयोजन किया गया तथा संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।मानद विश्वविद्यालय के महामहिम कुलपति डॉ सी



मुथामिजचेलवन जो नैनो टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर भी हैं ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मानद विश्वविद्यालय के विभिन्न कैंपस में उपलब्ध सुविधाओं को आपस में साझा कर अच्छे इंजीनियर, प्रबंधक व वैज्ञानिक आदि बनने की सलाह दी।मानद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस पुन्नू स्वामी ने गुणवत्ता पूर्ण उद्योग मूलक पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला तथा इसकी उपलब्धता शत-प्रतिशत उज्जवल रोजगार देना बताया।संस्थान के डीन डॉ डीके शर्मा ने बताया कि 735 कंपनियां रोजगार के लिए 2020-21 में आभासी माध्यम से आई है। जिन्होंने 7000 से ज्यादा रोजगार प्रदान किए गए हैं। इस समारोह में आभासी माध्यम से एक हजार से ज्यादा प्रवेशक छात्रों ने भाग लिया तथा उनकी जिज्ञासाओं को चैट बॉक्स के माध्यम से वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा उत्तर दिया गया। डीन मैनेजमेंट डॉ नरेंद्र मोहन मिश्र व डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ने संस्थान की गतिविधियों व पढ़ाने के तौर-तरीकों पर प्रकाश डाला।

अनुस्थापन सत्र लगातार अभी 5 दिन तक चलेगा।डीन एडमिशन डॉ आर पी महापात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन डॉ आंचल मिश्र ने किया। इस समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,डॉ धौम्या भट्ट ,नितिन धामा व चंद्र शेखर त्यागी उपस्थित रहे।

---

# एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में छात्रों के 24 वें नव प्रवेशिक अनुस्थापन सत्र का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में 24वां नव प्रवेशिका अनुशासन सत्र का आयोजन किया गया। अनुस्थापन सत्र के प्रथम दिन एसआरएम मानद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व निर्वाचन क्षेत्र पेरंबलूर तमिलनाडु से सांसद डॉ टीआर पारिवेंदर, प्रति कुलाधिपति रवि पाचामुथु(प्रशासनिक) व प्रति कुलाधिपति डॉ पी सत्यनारायण (शैक्षणिक) द्वारा वर्चुअल तरीके से नव प्रवेश पाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। इसके उपरांत छात्रों का स्वागत उप कुलसचिव डॉ एस विश्वनाथन द्वारा करते हुए संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। मानद विश्वविद्यालय के महामहिम कुलपति नैनो टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डॉ सी



मुथामिजचेलवन द्वारा मानद विश्वविद्यालय के विभिन्न कैंपस में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताते हुए अच्छे इंजीनियर, प्रबंधक व वैज्ञानिक आदि बनने की बात कही गई। कुलसचिव डॉ एस पुन्नू स्वामी ने उद्योग मूलक पाठ्यक्रम की उपलब्धता से शत-प्रतिशत उज्जवल रोजगार देना बताया। डीन डॉ डीके शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 735 कंपनियां रोजगार के लिए आभासी माध्यम से आई है तथा 7000 से ज्यादा रोजगार प्रदान किए हैं। डीन मैनेजमेंट डॉ नरेंद्र मोहन मिश्र व डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत द्वारा संस्थान की गतिविधियों व पढ़ाने के तौर-तरीकों पर प्रकाश डाला। डीन एडमिशन डॉ आरपी महापात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह का संचालन डॉ आंचल मिश्र ने किया। तथा इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के अलावा डॉ धौम्या भट्ट, नितिन धामा व चंद्र शेखर त्यागी मौजूद थे।

**आयोजन** | उद्योग मूलक पाठ्यक्रम का उद्देश्य शत-प्रतिशत उज्जवल रोजगार देना

# 735 कंपनियों ने दिया युवाओं को रोजगार

**रोजगार**

- **सुविधाओं को साझा कर इंजीनियर, वैज्ञानिक आदि बनने की दी सलाह**
- **लगभग 7000 युवाओं को दिया गया कंपनियों में रेजगार**



छात्रों के आरंभिक उद्घाटन सत्र में मौजूद अतिथि — लोकसत्य

नोएडा, लोकसत्य

अनुस्थापन सत्र के प्रथम दिन एसआरएम मानद विश्वविद्यालय के द्वारा छात्रों के आरंभिक उद्घाटन सत्र का आयोजन कुलाधिपति व निर्वाचन क्षेत्र पेरंबलूर (तमिलनाडु) से सांसद डॉ. टी.आर.पारिवेंद्र ,प्रति कुलाधिपति रवि पाचामुथु (प्रशासनिक) व प्रति कुलाधिपति डॉ.पी सत्यनारायण(शैक्षणिक)के आशीर्वचनो से हुआ। इसके उपरांत छात्रों का स्वागत मानद विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ एस विश्वनाथन के द्वारा किया गया। जिसमें छात्रों के लिए आभासी भ्रमण का आयोजन किया गया तथा संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियो पर प्रकाश डाला गया।

मानद विश्वविद्यालय के महामहिम कुलपति डॉ सी मुथामिजचेलवन जो नैनो टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर भी है ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मानद विश्वविद्यालय के विभिन्न कैंपस मे उपलब्ध सुविधाओं को आपस में साझा कर अच्छे इंजीनियर, प्रबंधक व वैज्ञानिक आदि बनने की सलाह दी। मानद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस पुन्नु स्वामी ने गुणवत्ता पूर्ण उद्योग मूलक पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला तथा इसकी उपलब्धता शत-प्रतिशत उज्जवल रोजगार देना बताया। संस्थान के डीन डॉ डीके शर्मा ने बताया कि 735 कंपनियां रोजगार के लिए 2020-21 मे आभासी माध्यम से आई है। जिन्होंने 7000 से ज्यादा रोजगार प्रदान किए गए हैं। इस समारोह में आभासी माध्यम से एक हजार से ज्यादा प्रवेशक छात्रों ने भाग लिया तथा उनकी जिज्ञासाओं को चैट बॉक्स के माध्यम से वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा उत्तर दिया गया। डीन मैनेजमेंट डॉ नरेंद्र मोहन मिश्र व डीन केंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ने संस्थान की गतिविधियों व पढ़ाने के तौर-तरीकों पर प्रकाश डाला। अनुस्थापन सत्र लगातार अभी 5 दिन तक चलेगा।डीन एडमिशन डॉ आर पी महापात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।इस समारोह का संचालन डॉ आंचल मिश्र ने किया। इस समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,डॉ धौम्या भट्ट ,नितिन धामा व चंद्र शेखर त्यागी उपस्थित रहे।